दा SUMMER न्यूज़

# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

सूर्योदय सुबह 6:41 बजे
सूर्यास्त शाम 6:27 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-182 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • सोमवार 9 मार्च 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

## न्यूज़ ब्रीफ

### छात्र ने साथी पर हमला कर की हत्या

**कर्नाटक |** कर्नाटक के बल्लारी जिले के गुरुकुल रेजिडेंशियल स्कूल में एक छात्र ने अपने ही साथी की हत्या कर दी। घटना शनिवार देर रात की हैं। जब आरोपी छात्र ने अचानक अपने साथियों पर बेड की रॉड से हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, यह घटना तब हुई जब छात्र रात का खाना खाकर सो रहे थे। आरोपी ने अचानक बेकाबू होकर रॉड उठाई और जो भी सामने आया उस पर वार करना शुरू कर दिया। हमले में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मछुआरों की नाव डूबी, 2 लापता

**केरल |** केरल के कोल्लम तट से करीब 120 नॉटिकल मील दूर एक विदेशी जहाज से टक्कर के बाद मछुआरों की नाव डूबी। घटना में बाद दो मछुआरे लापता हैं। रविवार को हुए इस हादसे में नाव पर कुल 11 क्रू सदस्य सवार थे। 9 को टक्कर मारने वाले जहाज ने ही सुरक्षित बचा लिया। कोस्टल पुलिस का कहना है कि लापता दो सदस्यों की तलाश जारी है। बचाए गए मछुआरों को जल्द ही कोच्चि या विझिनजाम लाया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, मछुआरों के बयान दर्ज करने के बाद इस मामले में केस दर्ज किया जाएगा।

### मिडिल ईस्ट में 12वीं बोर्ड परीक्षाएं टली

**बहरीन |** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने ईरान-इजराइल विवाद के बीच मिडिल ईस्ट इलाके में 9, 10 और 11 मार्च को होने वाली 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं टाल दी हैं। CBSE एग्जामिनेशन कंट्रोलर संयम भारद्वाज ने कहा, "मिडिल ईस्ट के कुछ हिस्सों बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और UAE में मौजूदा हालात की वजह से, बोर्ड ने परीक्षाएं टालने का फैसला किया है। नई तारीखें बाद में बताई जाएंगी। आगे की परीक्षाओं के लिए 10 मार्च को रिव्यू किया जाएगा। इससे पहले, बोर्ड ने इन देशों में 2 मार्च, 5 मार्च और 7 मार्च को होने वाली परीक्षाएं टाल दी थीं। बोर्ड ने 11 मार्च तक क्लास 10 की परीक्षाएं कैंसिल कर दी हैं और कहा कि रिजल्ट घोषित करने का तरीका अलग से बताया जाएगा।

### एक देश-एक चुनाव' बिल पर चर्चा आज

**नई दिल्ली |** 9 मार्च को पार्लियामेंट हाउस एनेक्सी में जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की बैठक होगी। सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता में यह कमेटी संविधान बिल 2024 और यूनियन टेरिटरीज लॉज बिल की समीक्षा करेगी। गुलाम नबी आजाद और एम वीरप्पा मोइली चर्चा में शामिल होंगे। यह बिल 'एक देश-एक चुनाव' योजना और केंद्र शासित प्रदेशों में समन्वित चुनाव पर केंद्रित है।

# महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1000 रुपये

## SC महिलाओं को मिलेंगे 1500 रुपये, पंजाब बजट पिछली बार के मुकाबले 10% बढ़ा




समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब विधानसभा में वित्तमंत्री हरपाल चीमा ने 2,60,437 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि ये बजट मां-बेटियों को समर्पित है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शुरू की गई इस योजना का नाम 'मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार स्कीम' रखा गया है। इस दौरान महिलाओं के लिए एक हजार रुपए महीना देने की स्कीम मावां-धीयां सत्कार योजना लॉन्च की। वित्तमंत्री हरपाल चीमा ने कहा कि 18 साल से बड़ी हर उम्र की महिला को 1 हजार रुपए महीना मिलेंगे। हालांकि SC वर्ग की महिलाओं को 1500 रुपए महीने दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे पंजाब की 97% महिलाएं कवर होंगी। इसके लिए 9300 करोड़ का फंड रखा गया है। उन्होंने हरियाणा सरकार पर तंज कसा। चीमा ने कहा कि हरियाणा ने इनकम की लिमिट लगा दी, जिससे सिर्फ 20% महिलाओं को लाभ मिला। मगर, हम जुमलेबाजी नहीं करते। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने विधानसभा में इस योजना की घोषणा करते हुए कहा कि यह दुनिया की पहली ऐसी यूनिवर्सल डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना होगी, जो सीधे महिलाओं के बैंक खातों में पैसा भेजने के लिए बनाई गई है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार इस योजना पर करीब 9,300 करोड़ रुपए खर्च करेगी। चीमा ने बताया कि इस योजना का लाभ पंजाब की लगभग 97 प्रतिशत बालिग महिलाओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक उम्र की हर महिला इस योजना के लिए पंजीकरण करा सकेगी। योजना के तहत मिलने वाली राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। इसके जरिए परिवार के फैसलों में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने, स्वास्थ्य और पोषण स्तर को बेहतर बनाने और लड़कियों को शिक्षा जारी रखने के लिए प्रेरित करने की कोशिश की जा रही है। इस दौरान चीमा ने पड़ोसी राज्य हरियाणा की भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने महिलाओं के लिए आय सीमा तय कर दी है, जिससे वहां केवल लगभग 20 प्रतिशत महिलाएं ही लाभ ले पा रही हैं। इसके विपरीत पंजाब सरकार की योजना में 97 प्रतिशत महिलाओं को शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान केवल 20 प्रतिशत नहीं बल्कि राज्य की लगभग सभी महिलाओं के मुख्यमंत्री हैं और सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है।


बजट पेश करने से पहले सीएम मान से मिलते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा।

### सरकारी कर्मचारी, सांसद-विधायकों को लाभ नहीं

*चीमा ने कहा केवल कुछ कैटेगरी की महिलाओं को इस स्कीम से बाहर रखा गया है, जिनमें मौजूदा या पूर्व स्थायी सरकारी कर्मचारी, मौजूदा या पूर्व सांसद/विधायक और आयकर देने वाली महिलाएं शामिल हैं। इसके अलावा जो महिलाएं पहले से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं जैसे बुजुर्ग पेंशन, विधवा/निराश्रित महिला पेंशन या दिव्यांग पेंशन ले रही हैं, वे भी इस योजना के लिए पात्र होंगी। चीमा ने कहा कुल मिलाकर पंजाब की लगभग 97% बालिग महिलाएं इस योजना के दायरे में आएंगी, जो भारत के किसी भी राज्य में सबसे अधिक कवरेज है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना, घर के फैसलों में उनकी भूमिका को मजबूत करना, स्वास्थ्य और पोषण के स्तर में सुधार लाना और लड़कियों को पढ़ाई जारी रखने तथा बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित करना है।*

### पंजाब बजट 2026 की 8 बड़ी घोषणाएं

## महिलाओं, शिक्षा, कृषि, सड़क, उद्योग, खेल और आर्थिक जनगणना के लिए बड़े पैमाने पर निवेश

**महिलाओं को हर महीने 1000, बजट 9,300 करोड़**
पंजाब सरकार ने 'मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना' के तहत राज्य की सभी बालिग महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये सीधे उनके बैंक खाते में देने का ऐलान किया है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

**शिक्षा पर 19,279 करोड़ खर्च होंगे, 7% बजट बढ़ाया**
शिक्षा क्षेत्र के लिए कुल 19,279 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया है, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 7% की वृद्धि की गई है। इस राशि का उपयोग स्कूलों और कॉलेजों के सुधार, आधुनिक शिक्षण सुविधाओं, डिजिटल शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण और छात्र कल्याण योजनाओं में किया जाएगा।

**सिखिया क्रांति 2.0' पर अगले 6 साल 3,500 करोड़ खर्च होंगे**
सरकार ने 'सिखिया क्रांति 2.0' के तहत अगले छह वर्षों में 3,500 करोड़ रुपये खर्च करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य पंजाब में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना, डिजिटल और आधुनिक शिक्षण सुविधाओं को बढ़ावा देना, शिक्षक प्रशिक्षण में सुधार करना है।

**श्री गुरु रविदास जी की जयंती पर 100 करोड़ खर्चा**
श्री गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती पर राज्यस्तरीय समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस आयोजन के लिए 100 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य उनके शिक्षाओं और सामाजिक योगदान को सम्मानित करना है।

**कृषि के लिए 15,377 करोड़**
कृषि क्षेत्र में फसल विविधीकरण और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के लिए 15,377 करोड़ रुपये का बजट रखा है। इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, कृषि उत्पादन में सुधार लाना और पर्यावरण के अनुकूल, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करना है।

**किसानों को बिजली सब्सिडी देने के लिए 7,715 करोड़ रखे**
किसानों को बिजली सब्सिडी देने के लिए 7,715 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है। इसका उद्देश्य किसानों के उत्पादन लागत को कम करना, उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करना और खेतों में सिंचाई और अन्य कृषि कार्यों के लिए सस्ती बिजली उपलब्ध कराना है।

**खेल इंफ्रास्ट्रक्चर 1,791 करोड़**
खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए 1,791 करोड़ रुपये का बजट रखा है। इसके तहत 3,000 से अधिक मॉडल गांव मैदान और 1,000 इंडोर जिम बनाए जाएंगे। इसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेल सुविधाएं सुधारना और युवा प्रतिभाओं को विकसित करना है।

**ग्रामीण सड़कों के सुधार पर 12,597 करोड़ खर्च होंगे**
ग्रामीण सड़कों के सुधार और निर्माण के लिए 12,597 करोड़ रुपये का बजट रखा है। इसका उद्देश्य गांवों में संपर्क सुधारना, कृषि और व्यापार के लिए बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना, और ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

## राष्ट्रपति प्रोटोकॉल के अपमान करने पर भड़के पीएम मोदी

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कॉन्ग्रेस (टीएमसी) सरकार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ प्रोटोकॉल उल्लंघन के मामले में तीखा हमला बोला है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस घटना को शर्मनाक और अभूतपूर्व करार दिया तथा राज्य सरकार को सारी हदें पार करने का आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, "यह शर्मनाक और पहले कभी नहीं हुआ। हर कोई जो डेमोक्रेसी और आदिवासी समुदायों के एम्पावरमेंट में विश्वास करता है, निराश है। राष्ट्रपति जो खुद जनजाति समुदाय से हैं, ने जो दर्द और पीड़ा ज़ाहिर की है, उससे भारत के लोगों के मन में बहुत दुख है। पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने सच में सारी हदें पार कर दी हैं। राष्ट्रपति के इस अपमान के लिए उनका एडमिनिस्ट्रेशन ज़िम्मेदार है। यह भी उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि संथाल कल्चर जैसे ज़रूरी विषय के साथ पश्चिम बंगाल सरकार इतनी लापरवाही से पेश आती है। राष्ट्रपति का ऑफिस पॉलिटिक्स से ऊपर है और इस ऑफिस की पवित्रता का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए।



उम्मीद है कि पश्चिम बंगाल सरकार और टीएमसी में समझदारी आएगी।" इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर बंगाल दौरे के दौरान ममता बनर्जी की अनुपस्थिति पर सार्वजनिक रूप से हैरानी जताई। सिलीगुड़ी के पास बिधाननगर में जनजातीय लोगों की सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने ममता बनर्जी को अपनी 'छोटी बहन' कहा और पूछा कि क्या मुख्यमंत्री किसी बात को लेकर नाराज हैं। उन्होंने बताया कि बागडोगरा हवाई अड्डे के पास गोशाईपुर में आयोजित कार्यक्रम में न तो मुख्यमंत्री आईं और न ही कोई राज्य मंत्री स्वागत करने पहुँचा। राष्ट्रपति मुर्मू खुद संथाल आदिवासी समुदाय से आती हैं। उनके इस बयान और प्रधानमंत्री मोदी की कड़ी प्रतिक्रिया के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। विशेष रूप से आदिवासी समुदाय के सम्मान और राष्ट्रपति पद की गरिमा को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

## लॉरेंस बिश्नोई और दो अन्य को रंगदारी मामले में बरी किया

**नई दिल्ली |** दिल्ली की अदालत ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, हरेन सरपड़डिया और आशीष शर्मा को 1 करोड़ रुपये की कथित रंगदारी कॉल मामले में बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने अपराध के आवश्यक तत्वों को साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं किए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नूपुर गुप्ता ने यह फैसला सुनाया। शिकायतकर्ता रमन दीप सिंह ने आरोप लगाया था कि 23 और 24 अप्रैल 2023 की रात को उसे अज्ञात नंबर से फोन कर जान से मारने की धमकी दी गई और 1 करोड़ रुपये की मांग की गई। पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 386 (डर दिखाकर रंगदारी), 387 और 120बी के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। हालांकि अदालत ने कहा कि धारा 386 के तहत रंगदारी अपराध के लिए संपत्ति की वास्तविक डिलीवरी जरूरी है, जो इस मामले में नहीं हुई। इसके अलावा, धारा 387 के तहत भी अभियोजन पक्ष ने कोई 'ओवरट एक्ट' साबित नहीं किया। अदालत ने निर्देश दिया कि आरोपियों को 20,000 रुपये के बांड और एक जमानतदार के साथ जमानत दाखिल करनी होगी। बांड दाखिल करने के बाद आरोपियों को बरी कर दिया गया।

## तेहरान के तेल डिपो और मिसाइल ठिकानों पर किए हमले




एजेंसी | तेल अवीव/कोलंबो

मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के नौवें दिन रविवार तड़के इज़राइल ने दक्षिणी लेबनान पर अपने हमले फिर से तेज कर दिए। इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संकेत दिया है कि युद्ध के अगले चरण में 'कई चौंकाने वाली कार्रवाइयाँ' देखने को मिल सकती हैं। रविवार को लेबनान में हुए ताज़ा हवाई हमलों में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही इज़राइली हमलों में लेबनान में मरने वालों की संख्या 300 से अधिक हो गई है। इससे पहले इज़राइल ने तेहरान में तेल भंडारण डिपो और मिसाइल से जुड़े ठिकानों पर बड़े हमले किए। इसके बाद नेतन्याहू ने कहा कि अब सच का क्षण करीब है और ईरान की जनता को अपने मौजूदा शासन को उखाड़ फेंकना चाहिए। इजरायली फौज ने दावा किया है कि उसने ईरान के दो सबसे अहम बैलिस्टिक मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया है और पहली बार राजधानी तेहरान के तेल ढाँचे पर भी हमला किया गया। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी कहा कि यह युद्ध अभी कुछ समय और चलेगा। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई में इजरायल और खाड़ी देशों की ओर मिसाइलें दागीं। हालाँकि इजरायल में बड़े नुकसान की खबर नहीं है लेकिन दुबई में एक मिसाइल हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। ईरान में नागरिकों की मौत का आँकड़ा 1000 के पार पहुँच गया जबकि करीब 6000 लोग घायल हुए हैं। इजरायली सेना ने तेहरान में कई फ्यूल डिपो पर हमले की पुष्टि की।

**IRIS डेना के 22 ईरानी नाविकों को श्रीलंका के अस्पताल से छुट्टी, 10 का इलाज जारी**

श्रीलंका के अस्पताल अधिकारियों ने रविवार को बताया कि अमेरिकी हमले में डूबे ईरानी युद्धपोत आईरिस डेना के कम से कम 22 ईरानी नाविकों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अधिकारियों के अनुसार, इन नाविकों को कड़ी सुरक्षा के बीच एम्बुलेंस के माध्यम से गाले शहर के बाहर कोग्गाला स्थित श्रीलंका वायुसेना के एक केंद्र में भेजा गया।



वहीं, 10 अन्य नाविक अभी भी करापिटिया स्थित नेशनल हॉस्पिटल गाले में उपचाराधीन हैं।

इन नाविकों को बुधवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जब ईरान का युद्धपोत आईरिस डेना श्रीलंका के दक्षिणी तट गाले के पास अमेरिकी पनडुब्बी के टॉरपीडो हमले के बाद डूब गया था। श्रीलंका ने बुधवार को बताया था कि इस हमले में मारे गए 84 ईरानी नाविकों के शव बरामद किए गए हैं। यह जहाज भारत के विशाखापत्तनम में आयोजित नौसैनिक बेड़ा समीक्षा कार्यक्रम में भाग लेने के बाद अपने देश लौट रहा था। शनिवार को श्रीलंका सरकार ने कहा कि मृत नाविकों के शवों को उनके देश भेजने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। हालांकि सरकार का कहना है कि मौजूदा स्थिति अभी ऐसी नहीं है कि शवों को हवाई या समुद्री मार्ग से भेजा जा सके। श्रीलंका सरकार ने अभी तक उनकी स्वदेश वापसी को लेकर अंतिम निर्णय नहीं लिया है।

## रूसी तेल खरीद पर किसी अनुमति की जरूरत नहीं: केंद्र सरकार

**नई दिल्ली |** मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और वैश्विक तनाव के बीच केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि भारत रूसी तेल खरीदने के लिए किसी भी देश की अनुमति पर निर्भर नहीं है। सरकार ने कहा कि राष्ट्रीय हित में भारत सबसे प्रतिस्पर्धी और किफायती दरों वाले देशों से तेल खरीदना जारी रखेगा, जिसमें रूस सबसे बड़ा सप्लायर बना रहेगा। सरकार ने बताया कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव के बावजूद देश की ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित है। भारत ने तेल आपूर्ति को विविधीकृत करते हुए 27 से बढ़ाकर 40 देशों से जोड़ लिया है। वर्तमान में देश के पास लगभग 250 मिलियन बैरल कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का रिजर्व मौजूद है, जो सात से आठ हफ्तों की जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। केंद्र ने दोहराया कि भारत की एडवांस रिफाइनरी क्षमता अलग-अलग ग्रेड के कच्चे तेल को प्रोसेस करने में सक्षम है। अमेरिका द्वारा रूस पर अस्थायी छूट दिए जाने के बाद यह बयान आया है। सरकार ने कहा कि छूट वैश्विक तेल कीमतों को नियंत्रित करने का प्रयास हो सकता है, लेकिन भारत का व्यापार हमेशा निर्बाध जारी रहेगा।

## नेपाल चुनाव में 'बालेन' की ऐतिहासिक जीत

### राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी

एजेंसी | काठमांडू

नेपाल के आम चुनाव में बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिला है। रैपर से राजनेता बने बालेन्द्र शाह 'बालेन' की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने शानदार जीत हासिल करते हुए सरकार बनाने का रास्ता लगभग साफ कर लिया है। रविवार को घोषित नतीजों में पार्टी ने पारंपरिक दलों को पीछे छोड़ दिया। 35 वर्षीय बालेन शाह ने झापा-5 सीट से चार बार के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को करीब 50 हजार वोटों के बड़े अंतर से हराया। चुनाव आयोग के अनुसार बालेन को 68,348 वोट मिले, जबकि 74 वर्षीय ओली को 18,734 वोट मिले। अब बालेन शाह के नेपाल के अगले



प्रधानमंत्री बनने की संभावना जताई जा रही है। अगर ऐसा होता है तो वे देश के इतिहास में सबसे युवा प्रधानमंत्री होंगे और साथ ही पहले मधेसी प्रधानमंत्री भी बनेंगे। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने घोषित 129 सीटों में से 100 सीटें जीत ली हैं। पार्टी ने काठमांडू जिले की सभी 10 सीटों पर जीत दर्ज की है और देशभर में कई अन्य सीटों पर भी बढ़त बनाई हुई है। दूसरी ओर पारंपरिक पार्टियों का प्रदर्शन कमजोर रहा। नेपाली कांग्रेस को 13 सीटें मिलीं, जबकि कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) को केवल सात सीटों पर जीत मिली। अन्य दल भी सीमित सीटों तक सिमट गए। 5 मार्च को हुए चुनाव में करीब 60 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था। विशेषज्ञों का मानना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ नाराजगी, वंशवाद का विरोध और नई पीढ़ी के नेतृत्व की मांग ने इस चुनाव में बड़ी भूमिका निभाई। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल में शांतिपूर्ण चुनाव के सफल आयोजन पर वहां की जनता को बधाई दी और दोनों देशों के बीच विकासात्मक साझेदारी को आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई है।

**पेज 1 एंकर स्टोरी** विदेश मंत्रालय ने बनाया विशेष कंट्रोल रूम, फंसे नागरिकों के लिए 24×7 हेल्पलाइन

## खाड़ी संकट के बीच 52 हजार से ज्यादा भारतीय सुरक्षित लौटे

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर अपडेट देते हुए बताया कि 1 से 7 मार्च 2026 के बीच 52,000 से ज्यादा भारतीय सुरक्षित रूप से खाड़ी देशों से भारत लौटे। इसमें से 32,107 भारतीय एयरलाइंस के जरिए, बाकी लोग विदेशी कमर्शियल फ्लाइट्स और नॉन-शेड्यूल्ड फ्लाइट्स के जरिए वापस आए हैं। मंत्रालय के अनुसार, खाड़ी देशों में बिगड़ते हालात के बीच वहां फंसे भारतीयों की सहायता के लिए एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है, जो प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के सवालों का जवाब दे रहा है। MEA ने कहा कि क्षेत्र में मौजूद सभी



भारतीय नागरिकों को स्थानीय प्रशासन और भारतीय दूतावास/वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी सलाहों का पालन करने की सलाह दी गई है। विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशनों ने 24×7 हेल्पलाइन भी शुरू की हैं।

मंत्रालय के बयान के अनुसार, हाल के दिनों में क्षेत्रीय हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुलने के बाद भारतीय और विदेशी एयरलाइंस कमर्शियल और स्पेशल फ्लाइट्स संचालित कर रही हैं। आने वाले दिनों में और उड़ानें संचालित करने की योजना है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जहां अभी कमर्शियल फ्लाइट्स उपलब्ध नहीं हैं, वहां भारतीय नागरिकों को निकटतम भारतीय दूतावास या वाणिज्य दूतावास से संपर्क करने की सलाह दी गई है। यात्रियों को कहा गया है कि वे दूतावास की वेबसाइट पर लगातार अपडेट्स चेक करते रहें। बिना वजह इधर-उधर न घूमें और सुरक्षित स्थानों पर ही रुकें। सरकार हर भारतीय की लोकेशन ट्रैक करने की कोशिश कर रही है ताकि मदद जल्द पहुंच सके।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और वह जरूरतमंद सभी लोगों की सहायता सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र भर की सरकारों के साथ लगातार संपर्क में है। पश्चिम एशिया में सुरक्षा स्थिति नाजुक बनी हुई है, क्योंकि अमेरिका और इजरायल ईरानी ठिकानों पर बमबारी जारी रखे हुए हैं, जबकि तेहरान पूरे क्षेत्र में इजरायली ठिकानों और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमले करके जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

**इजराइल में 41 हजार से ज्यादा भारतीय**

ईरान की राजधानी तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी में कहा कि जनवरी तक ईरान में 10 हजार से ज्यादा भारतीय रह रहे थे। इनमें बड़ी संख्या में छात्र शामिल हैं, जो वहां मेडिकल और अन्य कोर्सेस की पढ़ाई कर रहे हैं।

वहीं इजराइल में 41 हजार से ज्यादा भारतीय मूल के लोग रहते हैं। दूतावास ने लोगों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी सुरक्षित शेल्टर की जानकारी रखें और गैर-जरूरी यात्रा से बचें। किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करना जरूरी बताया गया है।